मार्टिन लूथर क्रिश्चियन विश्वविद्यालय, शिलांग, मेघालय के विद्यार्थियों का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का शैक्षणिक दौरा

मार्टिन लूथर ईसाई विश्वविद्यालय, शिलांग, मेघालय के बीएससी (पर्यावरण विज्ञान), तृतीय वर्ष के **35 विद्यार्थियों** (पारिस्थितिकी तंत्र विभाग पर्यावरण और पारंपरिक) तथा उनके साथ आये 3 संकाय सदस्यों ने दिनांक **20 फरवरी 2020** को हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का शैक्षणिक भ्रमण किया।

श्री सत्य प्रकाश नेगी, भा॰ व॰ से॰, अरण्यपाल, प्रभागाध्यक्ष, विस्तार प्रभाग, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने सभी विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया।

डॉ. एस. एस. सामंत, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने छात्रों को संबोधित करते हुए संस्थान द्वारा पूर्व तथा वर्तमान में किए गए अनुसंधान गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने वानिकी शोध पर संभावनाओं पर भी छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों का हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में शैक्षणिक भ्रमण पर आने हेतु धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में **डॉ. राजेश शर्मा**, समूह समन्वयक अनुसंधान भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने भी वानिकी शोध संभावनाओं पर छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

श्री नेगी ने विद्यार्थियों को हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला की शोध उपलब्धियों, वर्तमान गतिविधियों तथा भविष्य की कार्य योजनाओं के बारे में पावरपॉइंट प्रस्तुति द्वारा विस्तृत जानकारी दी तथा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया।

इसके उपरांत विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों को संस्थान की सभी प्रयोगशालाओं व वनस्पति संग्रहालय का भ्रमण कराया गया, जहां संबधित प्रभारियों द्वारा प्रयोगशाला व वनस्पति संग्रहालय में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

कुछ झलकियाँ

WELCOME
TO
ALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE
(Indian Council of Forestry Research & Education)
Conifer Campus, Panthaghati, Shimla-171 009 (H.P.)

WELCOME
HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान

****